तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 5 जुलाई 2026

14 मुसलाधार बारिश से खेत खलिहान हुए तर-बतर



16 अधिक बारिश से धान का अंकुरण सड़ने का भय








### कृषि विभाग की सलाह-ऊपरी भूमि में अर्ली वैरायटी के धान की करें बुवाई

# मानसून सक्रिय, फिर भी खेत प्यासे किसानों ने जोखिम उठाकर शुरू की बोनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुहेला

प्रदेश में मानसून सक्रिय होने के बावजूद सुहेला अंचल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक खेती योग्य पर्याप्त वर्षा नहीं होने से किसान चिंतित हैं। कहीं-कहीं हल्की एवं रुक-रुककर बारिश जरूर हुई है, लेकिन इससे खेतों में इतनी नमी नहीं बन सकी है कि खरीफ फसलों की बुवाई और रोपाई सुचारु रूप से हो सके। किसानों का कहना है कि जमीन में केवल एक-दो इंच तक ही नमी पहुंची है, जबकि नीचे की मिट्टी पूरी तरह सूखी है। ऐसे में खरीफ सीजन की खेती लगातार पिछड़ती जा रही है।

वर्षा आधारित कृषि पर निर्भर इस क्षेत्र के किसानों के सामने समय पर बारिश नहीं होना सबसे बड़ी चुनौती बन गया है। खेत-खलिहानों के साथ-साथ तालाब, नदी-नाले और अन्य जलस्त्रोत भी लगभग सूखे पड़े हैं। पर्याप्त वर्षा नहीं होने से भूजल स्तर नहीं बढ़ पाया है, जिसके कारण सिंचाई के लिए उपयोग होने वाले पंपों में भी पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो रहा है। जिन किसानों ने पहले ही थरहा तैयार कर लिया है या धान की रोपाई शुरू कर दी है, वे भी पानी की कमी से परेशान हैं।



### बारिश की देरी से दुविधा में किसान

बारिश में लगातार हो रही देरी के कारण किसान असमंजस की स्थिति में हैं कि बुवाई करें या अच्छी बारिश का इंतजार करें। खेती का समय लगातार निकलता जा रहा है। इसके बावजूद कई किसान जोखिम उठाकर खर्रा धान की बोनी शुरू कर चुके हैं। किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में अच्छी और लगातार बारिश नहीं हुई तो फसल की उत्पादन क्षमता पर सीधा असर पड़ेगा और आर्थिक नुकसान की आशंका बढ़ जाएगी।



### वैज्ञानिक तरीके से करें धान की बोनी

इस संबंध में कृषि विस्तार अधिकारी भरद्वाज ने बताया कि क्षेत्र में अभी खेती योग्य पर्याप्त वर्षा नहीं हुई है। किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि धान की बोनी में यथासंभव सीड ड्रिल का उपयोग करें। यदि सीड ड्रिल उपलब्ध नहीं हो तो छिड़काव विधि से भी बोनी की जा सकती है।

## खेत में मिला गुमशुदा व्यक्ति का शव

**सिमगा**। तिल्दा रोड सिमगा खार में एक अज्ञात व्यक्ति का शव क्षत-विक्षत अवस्था में पाए जाने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इसमें एक व्यक्ति का शव खेत में बबूल पेड़ के नीचे पड़ा मिला। शव सड़क गल कर क्षत विक्षत हालत में था। उक्त शव की पहचान थाने के गुम इंसान अवध राम डहरे पिता मंगलू राम डहरे 52 साल निवासी ग्राम पौसरी थाना सिमगा के रूप में हुई जिसे परिजनों को मौका पर बुलाकर पहचान कराया गया।



जिन्होंने मृतक को अवध राम डहरे ही होना बताया जो 30 जून को अपने गाय बैल को खोजने के लिए खार तरफ गया था। जांच के दौरान शव बबूल के पेड़ के नीचे पाया गया तथा पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरने से हुई क्षति एवं चिन्ह दिख रहा हैं। ऐसा ▸▸ शेष पेज 14 पर






## खबर संक्षेप



### प्राथमिक शाला हरदी में बाल संसद का गठन

**गोपालपुर**। संकुल केंद्र रोहिना के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला हरदी भ में विद्यार्थियों के नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, खेलकूद, स्वच्छता कार्यक्रम, योग अभ्यास और उत्तरदायित्व के साथ लोकतांत्रिक मूल्यों के विकास के उद्देश्य से बाल संसद का गठन किया गया। बाल संसद के सदस्यों ने शपथ ग्रहण कर अपने कार्य दायित्व को जाना। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों ने अपने काम को पूरा करने का शपथ ली। पंकज बने बालसंसद के प्रधान मंत्री कार्यक्रम के दौरान प्रधान मंत्री पंकज लहरे, उप प्रधान मंत्री लिसा बर्मन, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य मंत्री मोनिका खूंटे, जल एवं पर्यावरण मंत्री सिमरन खूंटे, सांस्कृतिक मंत्री दीप्ति खूंटे, शिक्षा मंत्री शुभम खूंटे, खेल मंत्री कनिका खूंटे, बागवानी मंत्री करिश्मा, वित्त मंत्री विकास खूंटे, मध्यान भोजन मंत्री आशीष के साथ साथ कक्षा नायक में शुभम, अमित कुमार लहरे, पियूष, स्वाति खूंटे, युवराज खटकर को बनाया गया। नव निर्वाचित पदाधिकारीयों को अपने पद एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। अपने कार्य को पूर्ण ईमानदारी और समर्पण के भाव से करने का शपथ ग्रहण रामदुलार निराला प्रधान पाठक शास प्राथ शाला हरदी ने कराया।

पेज 13 का शेष

### खेत में मिला...

अनुमान लगाया जा रहा है कि संभवत पशुओं को खोजने के दौरान अत्यधिक बारिश के कारण मृतक बबुल के झाड़ के नीचे बैठा था, तभी अचानक आकाशीय बिजली के चपेट में आने से उसकी मृत्यु होना प्रतीत हो रहा है। एसडीओपी साहू ने बताया कि वास्तविक कारण का खुलासा तो पीएम पश्चात ही हो सकेगा। मामले में जांच जारी है।

# मुसलाधार बारिश से खेत खलिहान हुए तर-बतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसींवा

सरसींवां अंचल में मानसून आते ही पहली आषाढ में मुसलाधार बारिश से खेत खलिहान लबालब हो गए। जिधर देखें उधर पानी ही पानी हो गया। किसानों के खेतों में तर-बतर पानी ने चिंता में डाल दिया है। अत्यधिक बारिश होने से खेतों में पानी की धार बह रही है। किसान पानी को बाहर निकाल रहे हैं। अंचल में 90 फ़ीसदी किसानों ने खुर्रा धान बुवाई का ली है। ऐसे में ज्यादा पानी भी धान खराब होने का डर रहता है। मूसलाधार बारिश से गर्मी से राहत मिली है, लेकिन लोग उमस से परेशान हैं। 15 दिन देरी से आए मानसून के कारण जुलाई के पहले, दूसरे दिन बादल खूब बरसा बारिश इतनी ज्यादा हुई कि दो दिन कि बारिश से तर बतर हो गया। हर साल 16 जून या 17 जून को मानसून आता रहा इस बार 15 दिन बाद आया।

- लगातार बारिश से खेत और तालाब लबालब, फसल बचाने में जुटे किसान

### दो दिन की मूसलाधार बारिश से खिले किसानों के चेहरा

इस साल अल नीनो के कारण किसानों को काफी चिंता सता रही थी और बारिश नहीं होने की संभावना व्यक्त कर रहे थे, लेकिन जून का 15 दिन का पानी 2 दिन में ही बरस गया। जब बरसा तो किसानों के चेहरे खिल गए। सरसींवा क्षेत्र में बीते गुरुवार शुक्रवार से दोपहर को पानी गिरना बंद हुआ, लेकिन खेतों में अधिक पानी जमा होने पर धान के छोटे-छोटे अंकुर को नुकसान होने का डर किसानों को बना हुआ है और खेतों में ज्यादा पानी जमा होने से धान की फसल खराब होने डर बना है और किसान अपने खेतों से जमा पानी निकासी करने में लगे हुए हैं। सरसींवां क्षेत्र में लगातार बारिश होने से गांव के तालाब व किसानों के खेतों में पानी लबालब भरे हुए हैं। अलनीनो प्रशांत महासागर की समुद्री सतह का तापमान सामान्य से काफी अधिक होने से यह गर्मी दक्षिण से पश्चिम की ओर चलती है तो मानसून कमजोर पड़ जाता है। यह घटना वैश्विक स्तर पर मौसम के चक्र को बदल देती है, जिससे दुनिया के कई हिस्सों में सूखा और कई जगहों पर बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है इसे ही अल नीनो कहा जाता है।



### विद्यार्थी हो रहे परेशान, बरसात में बढ़ी दुर्घटना की आशंका

# सोनारदेवरी-बांसबिनौरी मार्ग गड्ढे में तब्दील, चलना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विकासखंड के ग्राम सोनारदेवरी और बांसबिनौरी को जोड़ने वाली सड़क मार्ग बमुश्किल 1 किमी ही है, जिस पर गड्ढों की अनगिनत श्रृंखला बनी हुई है। एक-दो दिन की बारीश में गड्ढे जलाशय सा प्रतित होने लगे हैं। राहगीरों के लिए समझ पाना मुश्किल है कि किस गड्ढे की गहराई कितनी है। वाहन कीचड़ भरे रास्ते से फिसलकर गड्ढे में फंसकर गिर रहे हैं और चोटील हो रहे हैं। ग्रामीणों की तकलीफ भरी राह के बावजूद गांवों को जोड़ने वाली सड़क बनाने में जिम्मेदारों के पसीने छुट रहे हैं, जबकि सालों से ग्रामीण इस मार्ग की निर्माण की मांग करते आ रहे हैं। अगर इस मार्ग का निर्माण बरसात के पहले हो जाता है तो ग्रामीणों को दुरस्थ रास्ते से आवागमन से बच जाते, जिससे उन्हें समय के साथ साथ 10-15 किमी की बचत हो जाती।

### सरपंच, उपसरपंच ने फावड़ा, कुदाली लेकर की पानी की निकासी

कीचड़ तथा गड्ढेयुक्त मार्ग से सबसे ज्यादा परेशानी विद्यार्थियों को हो रही है, क्योंकि ग्राम बांसबिनौरी के हाईस्कूल हायर सेकंडरी स्कूल के विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए सोनारदेवरी आना पड़ता है। स्कूल नजदीक होने के कारण ज्यादातर बच्चे पैदल ही स्कूल आते हैं। स्कूल की छुट्टी बाद जब छात्र-छात्राएं घर पहुंचती है तो वाहनों के छिटों से उनके यूनिफॉर्म कीचड़ से सने हुए होते हैं। ग्राम बाँसबिनौरी के सरपंच प्रतिनिधि संतलाल ढीढी और उपसरपंच प्रमिला ध्रुव और कुछ ग्रामीणों गड्ढों से पानी निकालने के लिए फावड़ा कुदाली उठाया तथा सड़क के गड्ढों से खेत में ले जाने के लिए नाली बनाकर पानी निकासी में लग गए|



गौरतलब हो कि सोनारदेवरी बांसबिनौरी के मध्य पहुंच मार्ग सह पुलिया का कार्य मई 2017 में 1 किमी सड़क का निर्माण लागत 51.02 लाख में पूरा होना था, जिसके निर्माण के लिए शिलान्यास तात्कालिक विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इसके बाद ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारंभ किया गया। उक्त ठेकेदार सिर्फ गिट्टी और मिट्टी, मुरुम डाला गया, उसके 9 साल से ज्यादा समय हो गया, महज 1 किमी सड़क का निर्माण नहीं हो सका, जिसका खामियाजा दलदल के रूप में आजतक ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं उक्त ठेकेदार का कोई अता पता नहीं है। विभाग द्वारा उन पर न कोई कार्रवाई की गई है।

# सूने मकानों और कृषि फार्मों में चोरी के आरोप में 3 शातिर चोर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

ग्रामीण थाना पुलिस को एक बहुत बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने क्षेत्र में सक्रिय एक ऐसे शातिर गिरोह के 3 सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जो सूने मकानों के ताले तोड़ने के साथ-साथ पिग (सुअर) फार्म जैसे व्यावसायिक ठिकानों में भी बेखौफ होकर चोरियां कर रहे थे। गिरफ्तार किये गये आरोपियों में संजय भारती पिता मंगल भारती 40 वर्ष निवासी अर्जुनी, रिंकू भारती पिता महंगु भारती 20 वर्ष, निवासी ग्राम अर्जुनी थाना भाटापारा ग्रामीण, विकास मरकाम पिता अर्जुन मरकाम 22 वर्ष, साकिन कुकुरबेड़ा, थाना यूनिवर्सिटी रायपुर के सामने, जिला रायपुर शामिल हैं।

सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी व चांदी की चोरी प्रार्थी कैलाश यदु 35 वर्ष, निवासी मिरगी अपने बोर बाड़ी वाले मकान में सपरिवार रहते हैं। 10 जून को वे परिवार सहित ससुराल गए हुए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर अंदर घर का सामान, घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर का नांगर, केजव्हील, 2 नग झटका मशीन और बोर का कीमती केबल कुल मशरूका कीमती करीब 60 हजार की चोरी कर फरार हो गए थे।

पिग (सुअर) फार्म से 11 नग सुअर और दाना चोरी के मामले में प्रार्थी चंद्रप्रकाश ध्रुव निवासी खेरी आर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गांव में उनका पिग फार्म है। 7 जून की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने फार्म का ताला तोड़कर वहां मौजूद 11 नग सुअर 9 मादा, 1 नर सुअर और उन्हें खिलाने वाला 10 बोरी दाना चोरी कर लिया था।

### सुअर, ट्रैक्टर का सामान, कीमती केबल और पोल्ट्री-पिग फार्म से मवेशी करते थे गायब

पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों को सक्रिय किया गया। संदेह के आधार पर घेराबंदी कर उक्त तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने गवाहों के समक्ष जुर्म कुबूल करते हुए दोनों चोरियों को मिलकर अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों के मेमोरेंडम कथन के आधार पर चोरी की गई शत-प्रतिशत सामग्रियां, ट्रैक्टर के पार्ट्स और चोरी गए मवेशी सुअर व दाना बरामद कर भौतिक साक्ष्य के रूप में बरामद किया गया है। साथ ही चोरी की घटना में प्रयुक्त छोटा हाथी वाहन क्रमांक सीजी 10 बीके 1497 भी जब्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध अपराध सिद्ध पाए जाने पर 3 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

# शिक्षा ही सफलता की सबसे बड़ी पूंजी ज्ञान से ही बनता है सशक्त समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

उच्च माध्यमिक विद्यालय बेलदारशिवनी में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव एवं पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उन्हें मिठाई एवं पुस्तकें वितरित कर नए शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं दी गईं। विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि बेहतर व्यक्तित्व, संस्कार और उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। शिक्षा वह शक्ति है, जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती है और समाज व राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित विद्यालय आने, अनुशासन का पालन करने, समय का सदुपयोग करने तथा अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में पूरी लगन और मेहनत से अध्ययन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज का परिश्रम ही कल की सफलता तय करता है। हर विद्यार्थी में आगे बढ़ने की क्षमता होती है, आवश्यकता केवल अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण और निरंतर प्रयास की है।

नवीन अग्रवाल ने अभिभावकों से भी बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही विकसित राष्ट्र की सबसे मजबूत नींव होता है।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान में रोपे पौधे

**खरोरा**। भरुवाडीह कला में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय विद्यालय भरुवाडीह कला में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर सरपंच चित्ररेखा सेतकुमार बंजारे, पंच ममता वर्मा, सचिव राजकुमार, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा सहा. विकासखंड शिक्षा अधिकारी जाहिरे सर, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक देवेन्द्र सिंह ठाकुर, संकुल समन्वयक नेमचंद धीवर मोहरेंगा, हिमाचल चौबे तुलसी विद्यालय परिवार, जनप्रतिनिधियों, पालकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी माताओं के सम्मान में पौधारोपण किया।

कार्यक्रम में उपस्थित नवीन अग्रवाल जिला पंचायत अध्यक्ष रायपुर ने कहा कि माँ जीवन का आधार होती हैं और वृक्ष भी हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन, छाया, फल एवं स्वच्छ वातावरण प्रदान करते हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माँ के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए।



विद्यालय के प्रधान पाठक दिनेश कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में इको क्लब प्रभारी वीरेंद्र कुमार वर्मा द्वारा सभी से पौधों के संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन की सामूहिक शपथ ली। यह कार्यक्रम पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा प्रकृति संरक्षण की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुआ।

**कैबिनेट की बैठक 8 को: रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिपरिषद् (कैबिनेट) की बैठक 8 जुलाई को सवेरे 11.30 बजे नवा रायपुर अटल नगर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन) में होगी। इस बैठक में खरीफ सीजन के दौरान अल्पवर्षा एवं खंड वर्षा से उत्पन्न स्थिति, किसानों को खरीफ सीजन के लिए खाद बीज की उपलब्धता आदि विषयों पर चर्चा होने की संभावना है।

## हेल्थ केयर पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित है

**सत्र 2026-27**

निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्र | DMLT डिप्लोमा इन मेडिकल लैब | BMLT बैचलर इन (मेडिकल लैब) | DMRT डिप्लोमा X-RAY | BMRT बैचलर X-RAY | COT सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर | BPT बैचलर इन फिजियोथेरेपी | HM हॉस्पिटल मैनेजमेंट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बिलासपुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 80 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु** :- 12 वीं कक्षा विज्ञान संकाय में न्यूनतम प्रतिशत, अनु. जनजाति 40 प्रतिशत, अनु. जाति 42 प्रतिशत, सामान्य 50 प्रतिशत या अधिक, दिव्यांगजन/सैनिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित हैं।

**नोट**:-
1. आवेदन निम्न दिये गये आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाईप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रूप से भरे । साथ ही 10X4 साईज का लिफाफा जिसमें आवेदक का पूर्ण पता लिखकर कार्यालय के पते पर पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक भेजें।
2. चयनित आवेदक को कॉल लेटर फोन मैसेज / व्हाट्सअप मैसेज द्वारा सूचित किया जायेगा।
3. छ.ग. के किसी भी जिले के आवेदक किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।
4. जो विद्यार्थी सत्र 2025-26 में उत्तीर्ण हुए हैं, वे 12 वीं का रिजल्ट ऑनलाईन कॉपी लगार आवेदन कर सकते हैं।

**आवेदन की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2026**

**कार्यालय का पता : समता फेस-2, सुयश हॉस्पिटल के पीछे, पानी टंकी के सामने, कोटा, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492010**
**8839189302, 7777887992**

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप**

फोटो

प्रति,
संचालक
व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर (छ.ग.)

महोदय,
.....................................(पाठ्यक्रम का नाम ) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूं।
1. आवेदक का नाम.......................................... 2. पिता/पति का नाम..........................................
3. जन्मतिथि.........................4.वर्ग- अनु. जनजाति ☐ अनु. जाति ☐ अन्य पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पताः ग्राम.......................पो.............................तहसील.............................. जिला..............................
पिन कोड..........................................मोबाईल नं. 1..........................2..........................व्हाट्सअप नं..........................
6. केंन्द्र का नाम (जहाँ चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते हैं)..........................................
7. शैक्षणिक योगयता:-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |


### मछली व मुर्गा, अवैध दुकानों पर होगी कार्रवाई

# मुख्य मार्गों व बाजार क्षेत्र में नहीं बिकेंगे मांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका परिषद क्षेत्र में मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्र तथा गली-मोहल्लों में अवैध रूप से संचालित मांस, मछली, मुर्गा एवं मटन विक्रय दुकानों के खिलाफ नगर पालिका ने कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। इस संबंध में 10 जून को आयोजित नगर पालिका परिषद की सामान्य सभा की बैठक में प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया था, जिसके तहत नगर के भीतर अनियमित रूप से संचालित मांस, मछली व मुर्गा विक्रय दुकानों को हटाने का निर्णय लिया गया है। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने बताया कि मांस, मछली एवं मटन विक्रेताओं के लिए नगर पालिका द्वारा पूर्व से ही निर्धारित स्थान पर व्यवस्थित बाजार एवं दुकानें उपलब्ध कराई गई हैं। सभी दुकानदारों को वहीं से अपना व्यवसाय संचालित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्गों, अंबेडकर चौक, रायपुर मार्ग, बाजार क्षेत्र तथा रिहायशी मोहल्लों में खुलेआम मांस काटने एवं विक्रय करने से आसपास गंदगी फैलती है, दुर्गंध के कारण आम नागरिकों को परेशानी होती है तथा संक्रमण फैलने की आशंका भी बनी रहती है। उन्होंने कहा कि नगर में कई स्थानों पर ठेलों एवं अस्थायी दुकानों के माध्यम से मांस, मछली एवं मुर्गे का विक्रय किया जा रहा है, जो नियमों के विपरीत है। इसके अलावा शराब दुकानों के आसपास संचालित अवैध चिकन सेंटरों को लेकर भी लगातार शिकायतें मिल रही हैं। ऐसे प्रतिष्ठानों से गंदगी बढ़ने के साथ यातायात और आसपास के वातावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि परिषद के निर्णय के अनुरूप संबंधित विभाग को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। निर्धारित स्थल के अलावा अन्य स्थानों पर मांस, मछली एवं मुर्गा विक्रय करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नगर में स्वच्छता एवं जनस्वास्थ्य बनाए रखने के उद्देश्य से अभियान चलाकर अवैध दुकानों को हटाया जाएगा।

- परिषद के प्रस्ताव के अनुरूप कार्रवाई के निर्देश, निर्धारित बाजार में ही होगा विक्रय







## खबर संक्षेप

### डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए आवेदन 31 जुलाई तक

**बलौदाबाजार।** डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार हेतु कृषकों से 31 जुलाई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। पुरस्कार हेतु जिले के कृषक संबंधित विकासखण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, कार्यालय में निर्धारित तिथि तक आवेदन निःशुल्क प्राप्त कर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र को उप संचालक कृषि एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते हैं। पुरस्कार हेतु कृषकों को आवेदन पत्र के साथ सफलता की कहानी, फोटो एवं वीडियो के साथ संलग्न करना होगा। अंतिम तिथि के चाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। अधिक जानकारी के लिये कृषि विभाग के वेबसाईट का अवलोकन कर सकते है। पुरस्कार अंतर्गत चयनित किसानों को राशि 2 लाख एवं प्रशस्ति पत्र राज्य स्थापना दिवस 1 नवम्बर 2026 के अवसर पर प्रदान किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना में ऋण लेने आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, बलौदाबाजार द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्यम स्थापित करने के लिये इच्छुक व्यक्तियों को लाभान्वित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। योजना के तहत नवीन या विद्यमान माईक्रो फूड प्रोसेसिंग उद्यमों यथा मसाला उद्योग, मुरमरा (मुर्रा), पोहा, मिनी राईस मिल, राईस मिल, आटा चक्की, पशु आहार उद्योग, दलिया, बेकरी उत्पाद, आचार, पापड़, नमकीन, भुजिया, चिप्स, मिष्ठान निर्माण, जैम जैली, जूस एवं पल्प तथा अन्य फल एवं सब्जी प्रसंस्कण उद्योग इत्यादि को ऋण सहायता राष्ट्रीयकृत बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। योजना में प्रोजेक्ट लागत के 35 प्रतिशत पर क्रेडिट-लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी का प्रावधान है। अधिकतम सब्सिडी 10 लाख तक प्रति उद्यम है। आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा इसके लिए कोई न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निर्धारित नहीं है। आवेदन करने के लिए कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, संयुक्त जिला कार्यालय भवन, कक्ष क्रमांक 63, 71 में संपर्क कर सकते हैं।

### सिलतरा चौकी अब थाना कंवर बने थानेदार

**रायपुर।** पुलिस सहायता केंद्र सिलतरा का उन्नयन कर थाना सिलतरा का औपचारिक रूप से प्रारंभ किया गया। राजेंद्र सिंह कंवर को यहां का थाना प्रभारी बनाया गया है। ज्ञात हो कि पूर्व में थाना धरसींवा अंतर्गत पुलिस सहायता केंद्र सिलतरा किराए के भवन में संचालित था। आमजन को बेहतर एवं त्वरित पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को थाना सिलतरा का औपचारिक रूप से रायपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक श्वेता सिन्हा श्रीवास्तव द्वारा शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, उप पुलिस अधीक्षक माना लम्बोदर पटेल, थाना प्रभारी धरसींवा राजेंद्र दीवान एवं थाना धरसींवा, थाना सिलतरा का स्टॉफ उपस्थित रहे।

**-: आम सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मगरचबा, थाना व तहसील बलौदा बाजार, जिला बलौदा बाजार-भाटापारा (छ.ग.) स्थित फ्रेंड्स फूड नामक फर्म है, जहाँ मैदा, नमक, रंग, बैग, पापड़, नड्डा एवं पास्ता से संबंधित उद्योग का व्यवसाय किया जाता रहा है, जिसका प्रोपाईटर/संचालक वेदप्रकाश पारवानी पिता भगवानदास पारवानी है। उक्त फर्म के 51% शेयर का भागीदारी मेरा पक्षकार अविनाश पंजवानी पिता श्री हीरा पंजवानी भी है। वेद प्रकाश पारवानी के द्वारा उक्त फर्म एवं फर्म में संधारित मशीनरी को हस्तांतरण, विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त फर्म एवं संधारित मशीनरी, भूमि व सिंधी कालोनी, सिविल लाईन स्थित बलौदा बाजार के घर के संबंध में किसी भी प्रकार से क्रय, विक्रय, रहन, गहन, बंधक अथवा अन्य किसी माध्यम से हस्तांतरण आदि संव्यवहार किसी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा न किया जाये। किसी भी प्रकार के संव्यवहार उपरोक्त भूमि, फर्म के संबंध में किये जाने पर उक्त संव्यवहार अवैध तथा शून्य माना जावेगा। यदि किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा संव्यवहार किया जाता है तो उसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा। अतः इस सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त फर्म एवं व्यवसाय के संबंध में किसी भी प्रकार का हस्तांतरण संबंधी संव्यवहार न किया जावे व क्रेता को कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

भागिता विलेख के अनुसार मेरे पक्षकार को अपना पैसा वेदप्रकाश पारवानी से वसूल करने बाबत् वेदप्रकाश पारवानी के फ्रेंड्स फूड्स मगरचबा व सिंधी कालोनी, सिविल लाईन बलौदा बाजार स्थित उसका घर बेचने का अधिकार प्राप्त है।

दिनांक -03.07.2026

भवदीय
जवाहर जायसवाल
अधिवक्ता एवं सेंट्रल नोटरी
बलौदा बाजार(छ.ग.)
मो.नं. - 9977081300

# सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में टीबी मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान सफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित 'टीबी मुक्त भारत' 100 दिवसीय विशेष अभियान उल्लेखनीय रूप से सफल रहा। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के विशेष मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) पुष्पेंद्र वैष्णव के निर्देशन एवं खंड चिकित्सा अधिकारियों के सहयोग से संचालित इस अभियान ने निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के साथ कई मापदंडों में शत-प्रतिशत से अधिक उपलब्धि दर्ज की। अभियान के तहत जिले के 70 उच्च जोखिम वाले चिन्हित ग्रामों को प्राथमिकता देते हुए सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान 7,000 से अधिक लोगों की निःशुल्क डिजिटल एक्स-रे जांच की गई। प्रतिदिन औसतन 100 से अधिक लोगों ने इस सुविधा का लाभ उठाया, जिससे संभावित टीबी मरीजों की समय पर पहचान सुनिश्चित हो सकी। टीबी की सटीक और त्वरित जांच के लिए आधुनिक ट्रूनेट तकनीक का उपयोग किया गया। अभियान के दौरान 956 संदिग्ध मरीजों के बलगम नमूनों की जांच की गई। जांच में टीबी संक्रमित पाए गए सभी मरीजों को तत्काल उपचार से जोड़ा गया। वहीं, नाट जांच के लक्ष्य की भी शत-प्रतिशत पूर्ति कर विभाग ने उपचार प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी नहीं होने दी।

### स्वास्थ्य विभाग ने तय लक्ष्यों से अधिक हासिल की उपलब्धि

#### एक्स-रे जांच में 143 प्रतिशत उपलब्धि

स्वास्थ्य विभाग ने अभियान के दौरान एक्स-रे मशीन की उपयोगिता में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। निर्धारित लक्ष्य की तुलना में 143 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज करते हुए विभाग अपनी कार्यकुशलता और प्रतिबद्धता का परिचय दिया।



#### टीबी मुक्त अभियान को मिली नई गति

अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने स्कूलों, कॉलेजों तथा विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। जनभागीदारी के माध्यम से लोगों को टीबी के लक्षण, बचाव एवं उपचार की जानकारी दी गई, जिससे अभियान का संदेश घर-घर तक पहुंचा। स्वास्थ्य विभाग का यह सफल अभियान जिले को टीबी मुक्त बनाने के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

### प्राथमिक शाला चारभाठा के बच्चों ने 20 तक का पहाड़ा बिना पुस्तक देखे सुनाया

# स्कूल निरीक्षण पर पहुंचे बीईओ ने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़/ भटगांव

बिलाईगढ़ के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एसएन साहू ने ब्लॉक के अनेक स्कूलों का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों को शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर देकर विद्यालय व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। बीईओ साहू ने शासकीय प्राथमिक शाला अम्बेडकर नगर पेंड्रावन एवं शासकीय प्राथमिक शाला चारभाठा का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला अम्बेडकर नगर पेंड्रावन के सभी कक्षाओं का अवलोकन किया निरीक्षण के दौरान शासकीय प्राथमिक शाला अम्बेडकर नगर पेंड्रावन के बच्चों को 20 तक के पहाड़ा भी पूछा, जिसे बच्चों ने 15 से 18 उन्नीस तक के पहाडा बिना पुस्तक देखे पढ़ के बताए। वहीं स्कूल के प्रधान पाठक ने विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी को आश्वस्त किए कि सभी बच्चों को 20 तक पाहड़े 1 सप्ताह में याद करा लिए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान बीईओ बिलाईगढ़ शासकीय प्राथमिक शाला चारभाठा पहुंचे और वहां के कक्षा पांचवी के कुछ बच्चों से भी पहाड़ा पूछे जहां बच्चों ने बेझिझक 20 तक के पहाडा बिना



पुस्तक देखे पढ़ के बताए शासकीय प्राथमिक शाला चारभाठा के सभी शिक्षकों एवं संस्था प्रमुख का बीईओ साहू ने जमकर तारीफ भी की तथा बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना भी किया।

बीईओ सत्यनारायण साहू ने निरीक्षण के दौरान आकर्षक बाह्य वातावरण, सुव्यवस्थित कक्षा-कक्ष, सुलभ प्रिंट रिच, विद्यार्थियों के कक्षागत दक्षता, शैक्षिक नवाचार और जन समुदाय को जोड़कर शाला विकास के लिए किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। बीईओ सत्यनारायण साहू ने आनलाइन उपस्थिति की जानकारी भी ली और सभी शिक्षकों को नियमित वीएसके ऐप में उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए। स्कूलों की नियमित साफ-सफाई करने पर फोकस करने के निर्देश दिए। सभी शिक्षकों से पालक संपर्क कर बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने एवं शीघ्र ही विद्यालय प्रबंधन समिति गठन करने के निर्देश दिए।

#### बीईओ ने संकुल और समन्वयकों की ली बैठक

बिलाईगढ़। विकासखंड शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण साहू ने सेजेस बिलाईगढ़ में बैठक ली,जिसमें विभिन्न मुद्दों को लेकर दिशा निर्देश दिए। प्राप्त जानकारी अनुसार गत दिवस जिला मुख्यालय में जिला कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार विकासखंड शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण साहू ने ब्लाक मुख्यालय बिलाईगढ़ में संकुल प्राचार्य, संकुल समन्वयक तथा प्रधान पाठक की बैठक लिया। तथा निम्न मुद्दों पर विस्तार से जानकारी प्राप्त करके आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। शाला की साफ-सफाई को विशेष ध्यान देने की बात कही।उसके बाद प्राथमिक शाला के बच्चों को 20 तक पहाड़ा , पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों को कम से कम 25 तक की पहाड़ा याद करना है। प्रत्येक बच्चों को गणवेश वितरण, प्राप्त पुस्तकों को स्कैनिंग करके तुरंत वितरण करना है, मध्याह्न भोजन मीनू के आधार पर पकाया जाएगा, जिसके चार्ट प्रत्येक शाला में चिपकाना है, कोशिश ये करना है कि बच्चों को मौसमी सब्जी उपलब्ध हो, आचार और पापड़ को व्यवस्था हो, बच्चों के आधार कार्ड, अपार आईडी, जाति प्रमाण पत्र तुरंत कंप्लीट किया जाए। ऐसे बच्चे जिसका नाम शाला में दर्ज है और यदि वह बाहर है तो उसे शत प्रतिशत शाला में लाना है, शिक्षकों को वी. एस. के. के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करना है, कोई भी शिक्षक यदि किसी अन्यत्र शाला में या कार्यालय में व्यवस्था के रूप में कार्य कर रहे हैं तो उसे उनके मूल शाला में वापस करना है। जर्जर भवन में बच्चों को नहीं बिठाया जाएगा, यदि किसी भी शाला में जर्जर भवन है तो उसकी जानकारी तुरंत उच्च कार्यालय को जानकारी प्रदान करे। शाला में वृक्षारोपण करके जानकारी प्रदान करना है।



# पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



विकासखंड तिल्दा-नेवरा के संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में बस्ता विहीन शनिवार के अंतर्गत सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्राकृतिक आपदाओं, विशेष रूप से आकाशीय बिजली से बचाव के उपायों एवं आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के सहयोगी शिक्षक तारकेश्वर कुमार धीवर, संगम कुमार मन्नाडे एवं भारती तांती का सक्रिय सहयोग एवं सहभागिता सराहनीय रही। उनके संयुक्त प्रयासों से कार्यक्रम प्रभावी एवं ज्ञानवर्धक बना। विद्यार्थियों ने भी पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लेकर वज्रपात से सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं तथा भविष्य में उनका पालन करने का संकल्प लिया।

#### वज्रपात से बचाव एवं सावधानियों की दी जानकारी

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि वज्रपात के समय खुले मैदान, पेड़ों, बिजली के खंभों एवं जलाशयों के आसपास नहीं जाना चाहिए। गरज-चमक होने पर सुरक्षित भवन के अंदर शरण लेना, विद्युत उपकरणों से दूरी बनाए रखना तथा मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनियों का पालन करना आवश्यक है। साथ ही आपदा की स्थिति में धैर्य एवं सतर्कता बनाए रखने तथा दूसरों को भी सुरक्षा संबंधी जानकारी देने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सुरक्षित रहना ही सबसे बड़ी समझदारी है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय जागरूकता और समय पर बरती गई सावधानी है। यदि प्रत्येक विद्यार्थी सुरक्षा संबंधी इन महत्वपूर्ण जानकारियों को अपने परिवार और आसपास के लोगों तक पहुंचाए, तो अनेक दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे हमेशा सतर्क रहें, अफवाहों पर विश्वास न करें तथा मौसम संबंधी आधिकारिक सूचनाओं का पालन करें।

# प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला पैजनी में बाल संसद कैबिनेट का गठन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पैजनी में बाल संसद कैबिनेट का गठन किया गया। इसमें शाला विकास समिति के अध्यक्ष गिरवर वर्मा, संस्था प्रमुख चूड़ामणि वर्मा, संतोष कुमार पैकरा एवं संकुल समन्वयक समारू दास बांधे द्वारा द्वारा चयनित बच्चों को गुलाल लगाकर गुलदस्ता भेंटकर मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। चूड़ामणि वर्मा द्वारा चयनित बच्चों को अपने कार्यों एवं उत्तरदायित्वों के निर्वहन हेतु सजग रहकर कार्य करने के लिये शपथ दिलाया गई। बाल संसद कैबिनेट गठन में शाला के बच्चों एवं शिक्षकों को दायित्वों के निर्वहन हेतु इस प्रकार विभाग दिया गया। राष्ट्रपति लुकेश गायकवाड़ कक्षा 8वीं, उपराष्ट्रपति यामिनी वर्मा 8वीं, संतोष कुमार पैकरा प्रभारी प्रधानपाठक, प्रधानमंत्री वर्षा पटेल 8वीं, उप प्रधानमंत्री पुष्पेंद्र वर्मा 8वीं, चूड़ामणि वर्मा प्रधानपाठक। गृहमंत्री खिलेश कुमार पटेल 8वी, प्रभारी शिक्षक समारू दास बांधे, शिक्षामंत्री प्रतिमा सोनवानी 7वी, प्रभारी शिक्षिका सुनीता ध्रुव खेलमंत्री श्रवण वर्मा 7वी पायल पटेल 8वी , प्रभारी शिक्षक अरुण कुमार रात्रे सांस्कृतिक मंत्री संगीता यादव 8वी मीना सागर 6वी, प्रभारी शिक्षिका ज्यामिति यदु पर्यावरण मंत्री खुबराम पटेल 8वी संध्या बंजारे 8वी, प्रभारी शिक्षक नरेन्द्र कुमार साहू जल संसाधन मंत्री योगेन्द्र वर्मा 8वी दिशा वर्मा 4थी, प्रभारी शिक्षक लोमश कुमार कोसरे, स्वच्छता मंत्री दामिनी पटेल 8वी, दीपिका वर्मा 7वी, प्रभारी शिक्षक विनोद कुमार पटेल, स्वास्थ्य मंत्री अश्वनी वर्मा 8वी, सृष्टि साहू 5वी, प्रभारी शिक्षिका सुक्रीता सेन, जनसंपर्क मंत्री डिगेश्वरी पटेल 7वी, लकेश्वर मधुकर 8वी, प्रभारी शिक्षिका दीपमाला तिवारी, प्रार्थना प्रभारी सानिया पटेल 7वी, मानवी साहू 7वी, व्यायाम प्रभारी तनु वर्मा 8वी, सूर्यकांत पटेल 6वी को पदभार दिया गया। इसी प्रकार शाला नायक हर्ष वर्मा 8वी, उप शालानायक खुशी पटेल 8वी, कक्षानायक राजेश्वरी वर्मा 8वी, उप कक्षानायक गंगासागर वर्मा 8वी, कक्षानायक रिया पाड़े 7वी, उप कक्षानायक नमन वर्मा 7वी, कक्षानायक विकास जांगड़े 6वी, उप कक्षानायक डानेश्वरी वर्मा 6वी, कक्षानायक विवेक वर्मा 5वी, उप कक्षानायक राधिका वर्मा 5वी, कक्षानायक साहिल वर्मा 4थी, उप कक्षानायक भुनेश्वरी वर्मा 4थी, कक्षानायक साहिल वर्मा 3री, उप कक्षानायक मंजीता बंजारे 3री, कक्षानायक डोंगेश वर्मा 2री, उप कक्षानायक रिया वर्मा 2री, कक्षानायक तरुण साहू 1ली, उप कक्षानायक स्वाति विश्वकर्मा 1ली आदि सभी बच्चों को पदभार देकर शपथ दिलाते हुये अपने दायित्वों को भलीभांति निर्वहन हेतू प्रेरित किया।

#### लिमतरा में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

सिमगा । शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय, लिमतरा में शुक्रवार को शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच नेहा मुरली शर्मा, एसएमसी अध्यक्ष रानू निषाद, द्वय संस्था प्रभारी गजेंद्र राव जगताप एवं भागबली साहू की विशेष उपस्थिति रही। अतिथियों ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्पमालाओं से स्वागत किया तथा उन्हें नियमित अध्ययन, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रेरित किया। पालकों से भी बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में एसएमसी के समस्त सदस्य, विद्यालय का समस्त स्टाफ, पालकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से शाला प्रवेशोत्सव गरिमामय एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



# आंगनबाड़ी केंद्र खम्हारडीह पहुंचे कलेक्टर कुलदीप शर्मा, बच्चों को खिलाए सुपोषण लड्डू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने रविवार को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र खम्हारडीह का निरीक्षण कर वहां संचालित पोषण एवं बाल विकास गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ आत्मीयता से संवाद किया और उन्हें सुपोषण लड्डू खि ला क र कुपोषण से लड़ने उत्साह वर्धन किया। कलेक्टर ने बताया कि आंगनबाड़ी के कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाने के लिये जिले में सुपोषित बचपन अभियान के तहत बच्चों को सुपोषण लड्डू खिलाया जा रहा हैं। सुपोषण लड्डू 10 गुणकारी पोषक तत्वों से तैयार किया जाता है । प्रत्येक लड्डू में लगभग 10 ग्राम कार्बोहाइड्रेट एवं 5 ग्राम प्रोटीन होता है। उन्होंने बताया कि गंभीर कुपोषित एवं कुपोषित बच्चों को प्रतिदिन एक सुपोषण लड्डू उपलब्ध कराया जाता है, जिससे उन्हें आवश्यक पोषण मिल सके और कुपोषण दूर करने में मदद मिले।

- सुपोषित बचपन अभियान के तहत बच्चों को गोद लेने की अपील

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से केंद्र में दर्ज गंभीर कुपोषित एवं मध्यम कुपोषित बच्चों की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य, नियमित वजन मापन, पूरक पोषण आहार वितरण तथा स्वास्थ्य परीक्षण की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि गंभीर कुपोषित एवं कुपोषित बच्चों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करें, समय पर पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराएं तथा माताओं को संतुलित आहार, स्वच्छता और बाल स्वास्थ्य के प्रति निरंतर जागरूक करें।

कलेक्टर श्री शर्मा ने 'सुपोषित बचपन अभियान' के तहत गांव के जनप्रतिनिधियों, सरपंच, पंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, उपस्थित माताओं तथा आर्थिक रूप से सक्षम परिवारों से कुपोषित बच्चों को गोद लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि गोद लेने का उद्देश्य बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराकर उन्हें कुपोषण से बाहर लाना है। उन्होंने सभी से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने तथा कुपोषित बच्चों के प्रति संवेदनशीलता एवं सहानुभूति का भाव रखने का आग्रह किया।


#### छेरकारीह विद्यालय में बच्चों को मिली पाठ्य पुस्तकें

पलारी। विकासखंड के ग्राम पंचायत छेरकाडीह स्कूल में शासन की पुस्तक का निः शुल्क किया गया। सरपंच सतीनारायण मांडले द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र पर गुलाल, बंदन, श्रीफल तोड़कर शुभारम्भ हुआ संस्था के प्रमुख प्रधानपाठक खेलन प्रसाद चंद्राकर द्वारा शासन के विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष नीलकंठ बंजारे द्वारा बच्चों को गुलाल से अभिनन्दन कर पुस्तक वितरण की गई। शाला प्रबंधन विकास समिति के उपाध्यक्ष रमेश्वारी रात्रे व गनेश्वरी पनिका ने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शाला के शिक्षक अमित कुमार कुर्रे, घनश्याम साहू, डिकेश कुमार कुर्रे व सफाई कर्मचारी छबिलाल नवरंगे एवं रसोइया रेशमती, चेतन बाई नवरंगे, कोमल मांडले उपस्थित थे।



#### अनोखे अंदाज में मना प्रवेशोत्सव

खरोरा। संकुल केंद्र धिवरा में इस वर्ष भी संकुल के सभी विद्यालयों में एक साथ नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पद चिन्ह लिया गया। साथ ही संकलित पद चिन्ह को कक्षा कक्ष में प्रदर्शित भी किया गया। संकुल केंद्र धिवरा के सभी 7 प्राथमिक विद्यालयों, 3 पूर्व माध्यमिक विद्यालयों और शासकीय हाई स्कूल धिवरा में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। संकुल केंद्र धिवरा के संकुल प्रभारी प्राचार्य ईश्वरी पांडेय के नेतृत्व में संकुल समन्वयक कैलाश बघेल इस और नवाचार को सभी विद्यालयों के संस्था प्रमुखों और शिक्षक शिक्षिकाओं सहित सभी विद्यार्थियों द्वारा बेहतरीन ढंग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी विद्यालयों में जनप्रतिनिधियों, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों, गणमान्य नागरिकगणों और पालकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। इस आयोजन से संकुल केंद्र धिवरा के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं में उत्साह देखने को मिला। सभी विद्यालयों द्वारा इस नवाचार को बहुत ही शानदार तरीके से भव्य आयोजन के रूप में आयोजित करने के लिए संकुल समन्वयक कैलाश बघेल ने सभी का हृदय तल से आभार व्यक्त किया।







# बारिश के इंतजार में किसान, दांव पर लगी खरीफ की खेती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

अंचल के हिरमी, मोहरा, भालेसुर, भालूकोना, कुथरौद, मुसवाडीह सहित आसपास के गांवों में किसान अच्छी बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। खरीफ सीजन की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन अब तक पर्याप्त वर्षा नहीं होने से खेती-किसानी पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। क्षेत्र में अब तक कम बारिश दर्ज की गई है, जबकि इस समय तक सामान्य से कहीं अधिक वर्षा हो जानी चाहिए थी।

लगातार कम बारिश के कारण नदी-नाले, तालाब और पोखर लगभग सूखे पड़े हैं तथा भूजल स्तर भी नीचे चला गया है। व्यावसायिक दृष्टि से खेती को सबसे बड़ा जुआ माना जाता है और इस वर्ष यह कहावत एक बार फिर चरितार्थ होती नजर आ रही है। बारिश का लंबे समय तक इंतजार करने के बाद किसानों ने जोखिम उठाते हुए खेतों में बीज डालकर बुवाई शुरू कर दी है। कृषि पूरी तरह प्रकृति और मानसून पर निर्भर होने के कारण किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है।

कम वर्षा के कारण विद्युत पंपों में पर्याप्त पानी नहीं आ रहा है। ऐसे में साधन-संपन्न किसान भी सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। पानी की कमी के चलते लही पद्धति से धान की रोपाई की संभावना भी फिलहाल कमजोर दिखाई दे रही है।

### बारिश के इंतजार में आसमान पर टिकी निगाहें





### बारिश का इंतजार

कुछ किसानों ने सीमित संसाधनों के सहारे रोपा लगाने की कोशिश की है, लेकिन अधिकांश किसान सीधे बुवाई के माध्यम से खेती करने में जुटे हुए हैं। किसानों का कहना है कि यदि अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो बीज अंकुरण, फसल की बढ़वार और उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। इससे किसानों की लागत बढ़ने के साथ आर्थिक नुकसान की आशंका भी गहरा जाएगी। अब पूरे क्षेत्र के किसानों की निगाहें आसमान पर टिकी हैं और सभी को जल्द अच्छी बारिश होने की उम्मीद है, ताकि खरीफ की फसल को नया जीवन मिल सके।

## खबर संक्षेप



### डायल-112 की समझाइश से टला पारिवारिक विवाद

**सेल।** कसडोल विकासखंड के ग्राम पुटपुरा में शराब के नशे में एक युवक द्वारा पत्नी, सास-ससुर, साले व बच्चों से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया। सूचना पर पहुंची डायल-112 की बाज-1 टीम ने काउंसलिंग से स्थिति को संभाला। परिवार की इच्छा पर कानूनी कार्रवाई के बजाय युवक को समझाइश दी, जिसके बाद उसने अपनी गलती स्वीकार करते हुए सभी से माफी मांगी और दोबारा ऐसा नहीं करने का वादा किया। परिवार ने पुलिस का आभार जताया। सम्मान स्वरूप दी गई एक हजार रुपये की राशि लेने से पुलिसकर्मियों ने इनकार कर सेवा को अपना कर्तव्य बताया।

### अधिक बारिश से धान का अंकुरण सड़ने का भय



**गोपालपुर।** गांव एवं क्षेत्र में अधिक वर्षा होने के कारण खेतों में बहुत पानी भर गया। जिसके कारण धान के अंकुरण सड़ने की संभावना है। किसानों से चर्चा करने पर बताया कि जिस खेत के पानी बाहर नहीं निकल पा रहा है और ज्यादा मात्रा में भरा हुआ है। उस खेत के धान के अंकुरण सड़ने की संभावना बनी हुई है। एक, दो दिनों बारिश नहीं होती है। तो धान के अंकुरण को किसी भी प्रकार के नुकसान नहीं होगा। कुछ जगह तो अधिक वर्षा होने के कारण बिजली के खंभे टूट गये हैं, जिसके कारण दो दिनों तक लाइन बंद रही, यहां तक सभी गांवों के बोर बंद हो गये।

### केजव्हील और रिंग लगे ट्रैक्टरों का सड़क पर उपयोग प्रतिबंधित

**बलौदाबाजार।** ऐसे सभी ट्रैक्टर जिनके पहियों में लोहे का केज, रिंग लगा हो उनका संचालन सार्वजनिक सड़कों, सीमेंट, डामर सड़कों अथवा राष्ट्रीय, राज्य मार्गों पर किया जाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। संचालन करते पाये जाने चालानी एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाएगी।
जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि लोहे का केज, रिंग लगे ट्रैक्टरों के विरुद्ध विशेष प्रवर्तन एवं जन जागरूकता अभियान के संबंध में निर्देश प्राप्त हुए है। जिसमें लोगों को जागरूक करने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालानी एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। लोहे के केजव्हील ट्रैक्टरों का उपयोग मुख्य रूप से खेतों में जुताई और कृषि कार्यों के लिए किया जाता है। इन ट्रैक्टरों में लगे नुकीले लोहे के पहिए खेतों में बेहतर पकड़ बनाने के लिए उपयोगी होते है लेकिन इन्हे बिना बदलाव किए सीसी रोड, डामर सड़क और राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलाने से सड़क की सतह को नुकसान पहुंचता है जिससें दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### बच्चों का बढ़ाया उत्साह, पर्यावरण संरक्षण व जल संवर्धन का दिया संदेश

# एक पेड़ मां के नाम अभियान में कलेक्टर ने लगाया आम का पौधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाहोद

पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देने के उद्देश्य से संचालित एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत खम्हारडीह स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में आम का पौधा लगाकर जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने और उनकी नियमित देखभाल का संकल्प दिलाया।

उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण और नियमित देखभाल भी उतनी ही आवश्यक है। आज लगाए गए पौधे ही भविष्य में स्वच्छ पर्यावरण, शुद्ध हवा और बेहतर जीवन का आधार बनेंगे।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय के बच्चों से आत्मीय संवाद कर उनके सपनों और रुचियों के बारे में जानकारी ली। क्रिकेट के प्रति रुचि रखने वाले बच्चों को उन्होंने तत्काल बैट एवं बॉल उपलब्ध कराकर उनका उत्साहवर्धन किया। बच्चों ने भी खुशी जताते हुए कलेक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में सरपंच डेनिश साहू, उपसरपंच गजानंद पैकरा, जनपद सदस्य घनाराम पटेल, सचिव सुश्री अंबिका कैवर्त्य, प्रधान पाठिका मनीषा वर्मा, पूनम मिश्रा, ध्रुव मैडम, पंचराम सेन, ब्रिजराम पैकरा, रूपी पैकरा, भोला पैकरा, रामकुमार, धर्मौतीन बंजारे, लता पैकरा, गजेंद्र चंदेल, बलीराम ध्रुव, विकास वैष्णव सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण, ग्रामीण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।





### पर्यावरण बचाने में जनभागीदारी बढ़ाने पर कलेक्टर का जोर

कलेक्टर शर्मा ने जल संरक्षण पर भी विशेष बल देते हुए कहा कि लगातार गिरते भू-जल स्तर को रोकने के लिए कम पानी वाली फसलों को बढ़ावा देना, तालाब, टैंक एवं डबरी निर्माण जैसे जल संरक्षण कार्य करना तथा खाली स्थानों पर अधिक से अधिक पौधे लगाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने ग्रामीणों से स्वच्छता बनाए रखने और पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी का अभियान बनाने का आह्वान किया।

### फलदार और छायादार पौधों का रोपण

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आम, अमरूद, नींबू सहित विभिन्न प्रजातियों के फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि पेड़ केवल लकड़ी और पत्तियों का संग्रह नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के जीवन का आधार हैं। प्रकृति हमें जीवन देती है, इसलिए प्रकृति से हमारा जुड़ाव और उसका संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

### माताओं को संतुलित पोषण का दिया संदेश

इसके बाद कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर कुपोषित बच्चों एवं उनकी माताओं से चर्चा की। उन्होंने माताओं को बच्चों के संतुलित पोषण और नियमित खान-पान पर विशेष ध्यान देने की सलाह देते हुए कहा कि बच्चों को हर दो घंटे में पौष्टिक आहार अवश्य दें। इस दौरान उन्होंने बच्चों को लड्डू खिलाकर उनका उत्साह भी बढ़ाया।

## सेवानिवृत प्राचार्य दिनेश कुमार को स्कूल और संकुल ने दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

उच्च माध्य विद्यालय देवरी में कार्यरत प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा शिक्षा विभाग में 41 वर्षों की सेवा उपरांत सेवानिवृत्त हुए। शाला परिवार एवं संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाओं जनप्रतिनिधियों एवं भूतपूर्व छात्रों द्वारा ससम्मान उन्हें विदाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी भास्कर देवांगन, अध्यक्षता हेम कुमार साहू, प्रभारी प्राचार्य विशिष्ट अतिथि नरेश साहू सभापति जनपद पंचायत भाटापारा, बेदकुवंर घृतलहरे सरपंच देवरी, पवन वर्मा ग्रामीण भाजपा मण्डल अध्यक्ष, टुपेन्द्र शर्मा डी डी ओ उच्च माध्य विद्यालय दतरेंगी, विशेष अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य ज्योतिष राम वर्मा, बांके बिहारी शुक्ला, जानकी वर्मा उपस्थित थे।

प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा के अभिनन्दन पत्र का वाचन व्याख्याता हेमलाल साहू ने किया व सेवानिवृत्त उपरांत उनके अल्प कार्यकाल में साथ कार्य करने को अपना सौभाग्य माना।

अभिनन्दन पत्र को विद्यालय एवं संकुल के शिक्षकों तथा अतिथियों ने प्राचार्य शर्मा भेंट किये ।

मुख्य अतिथी बीईओ भास्कर देवांगन ने कहा शर्माजी के 41 वर्षों का कार्यकाल स्मरणीय व बेदाग रहा हैं। वे मिलनसार रहे हैं, उनकी कार्य शैली बहुत अच्छी रही।

व्याख्याता अनुप कुमार खरे, प्रीति शाह, शिक्षक दुर्गेश तिवारी, परिजनो में दीपक उपाध्याय, अशोक शुक्ला ने अपने विचार रखे। बिटिया डां साक्षी तिवारी ने कहा मेरे पिता एक आदर्श पुत्र, एक आदर्श पति, एक आदर्श पिता रहे हैं और यहां आप सभी की बातें सुनकर लगता हैं वे एक आदर्श शिक्षक भी रहे हैं। अंत में प्राचार्य दिनेश कुमार शर्मा ने कहा 41वर्षों का यह सफर अब यही औपचारिक रूप से समाप्त होगा। वैसे मैं 1983 एवं 1984 में एड्हाक शिक्षक के रूप में कार्य किया हूं। यदि इन्हें भी सम्मलित कर ले तो पूरे 43 वर्षों का शिक्षा विभाग में कार्य करने का सौभाग्य मिला। विभिन्न स्थानों के विद्यालय में कार्य करते अंततः इसी गांव से उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से प्राचार्य के पद से सेवानिवृत्त हो रहा हूं। अभार प्रदर्शन प्रभारी प्रचार्य एम कुमार साहू ने किया ।

## तरेंगाराज देवांगन समाज का कल होगा आदर्श विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

तरेंगाराज देवांगन कल्याण समाज के तत्वावधान में समाजहित एवं सामाजिक सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 6 जुलाई को ग्राम मावली सिंगारपुर में आदर्श विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है।



समारोह का शुभारंभ दोपहर 1 बजे होगा तथा कार्यक्रम सायं 5 बजे तक संपन्न होगा। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में दहेज प्रथा, फिजूलखर्ची एवं सामाजिक आडंबर जैसी कुरीतियों का उन्मूलन करते हुए सादगीपूर्ण, संस्कारयुक्त एवं आदर्श विवाह की परंपरा को प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अश्वनी शर्मा, अध्यक्ष नगरपालिका परिषद, भाटापारा तथा अध्यक्षता फेरुराम देवांगन, अध्यक्ष, तरेंगाराज देवांगन कल्याण समाज होंगे। विशिष्ट अतिथियों में सविता प्रदीप अनंत, अध्यक्ष जनपद पंचायत भाटापारा, राजा जायसवाल, जिला पंचायत सभापति, कनक मनहरे सरपंच ग्राम पंचायत सिंगारपुर, रेनु देवांगन, प्रदेश महिला अध्यक्ष, देवांगन कल्याण समाज, परस देवांगन, महासचिव प्रदेश देवांगन कल्याण समाज सहित सामाजिक, राजनीतिक एवं विभिन्न संगठनों के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

संस्था अध्यक्ष फेरुराम देवांगन ने बताया कि यह आयोजन किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि समाज सुधार एवं सामाजिक एकता का अभियान है। आदर्श विवाह जैसी परंपरा समाज के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए प्रेरणादायक है तथा आने वाली पीढ़ियों को सादगी और संस्कार का संदेश देती है। संस्था के संरक्षक दीनबंधु देवांग ने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं।

## समय पर बिजली कनेक्शन नहीं मिलने पर मुआवजा मांग सकते हैं उपभोक्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

अध्यक्ष विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम रायपुर ग्रामीण अशोक खंडेलवाल द्वारा 3 जुलाई को भाटापारा संभाग के विद्युत उपभोक्ताओं एवं विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी कर्मचारियों के साथ बैठक कर चर्चा परिचर्चा की गई। उन्होंने अपने संबोधन में उपभोक्ताओं को जागरूक करने उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया।

खंडेलवाल ने बताया कि समय पर विद्युत कनेक्शन प्राप्त करने के उपभोक्ताओं को अधिकार हैं। यदि विद्यमान लाइन से कनेक्शन प्राप्त करने हैं तो शहरी क्षेत्र में 7 दिवस में और ग्रामीण क्षेत्र में 15 दिवस में विद्युत विभाग जारी करेगा। इसी प्रकार यदि कनेक्शन हेतु विद्युत लाइन विस्तार करने कि आवश्यकता है तो वह दोनों ही क्षेत्रों में कनेक्शन 90 दिनों में जारी करेगा।

विद्युत उपभोक्ताओं को गुणवत्ता युक्त विद्युत प्राप्ति का भी अधिकार है। यदि उपभोक्ता विद्युत सेवा से संतुष्ट नहीं है तो मुआवजा का भी मांग कर सकता है। विद्युत सेवा के सम्बंधित किसी भी प्रकार कि शिकायत के टोल फ्री नंबर 1912 पर कॉल किया जा सकता है। विभाग द्वारा जारी मोबाइल एप्प मोर बिजली एप्प या विभाग के वेबसाइट पर भी उपभोक्ता गण अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

बैठक में विद्युत विभाग से अधीक्षण अभियंता बलोदा बाजार जीपी अनन्त, कार्यपालन अभियंता भाटापारा वीरेंद्र कुमार राठिया, सहायक अभियंता गण, कनिष्ठ अभियान अभियंतागण, विद्युत उपभोक्ताओं में पोहा संघ के अध्यक्ष कमलेश कुकरेजा एवं विभिन्न राइस मिलर और अन्य विद्युत उपभोक्ता शामिल हुए। विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा फोरम के अध्यक्ष को अपने बीच पाकर एवं उनसे मार्गदर्शन प्राप्त कर खुशी जाहिर की गई।

## बूथ स्तर पर मातृशक्ति को सक्रिय कर संगठन को बनाएंगे मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

भाजपा महिला मोर्चा मंडल कसडोल की नवीन कार्यकारिणी गठन उपरांत प्रथम परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। इसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित होकर महिला मोर्चा के समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक कार्यों व महिला मोर्चा को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया।

■ भाजपा महिला मोर्चा की प्रथम कार्यकारिणी और परिचयात्मक बैठक में लिया निर्णय

डॉ. मानिकपुरी ने कहा कि भाजपा का सबसे बड़ा आधार उसका मजबूत बूथ संगठन है। महिला मोर्चा की प्रत्येक कार्यकर्ता बहन संगठन की शक्ति का महत्वपूर्ण स्तंभ है। यदि प्रत्येक बूथ पर मातृशक्ति सक्रिय होकर कार्य करेगी, तो संगठन और अधिक सशक्त एवं जन-जन तक पहुंचने वाला बनेगा। इसलिए प्रत्येक बूथ पर महिलाओं से निरंतर संपर्क स्थापित कर उन्हें पार्टी की विचारधारा से जोड़ने तथा केंद्र एवं छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।

बैठक के दौरान संगठन द्वारा संचालित डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म की भी विस्तृत जानकारी साझा की।




### ये हुए शामिल

बैठक में महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष एवं एल्डरमेन शीला वर्मा एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती सरिता जायसवाल ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन के माध्यम से संगठन की कार्यपद्धति, महिला सशक्तिकरण, सेवा और जनसंपर्क को लेकर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। उक्त बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, सदस्यता विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, सेवा गतिविधियों तथा महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष निर्मला साहू, नर्मदा यादव मंडल मंत्री, महिला मोर्चा महामंत्री भगवती साहू, ममता कर्ष सहित पदाधिकारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### सीएससी संचालकों को श्रमिक डेटा अपडेट और ई-केवाईसी की जानकारी दी

# ई-केवाईसी और वीएलई की समस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिला पंचायत बलौदाबाजार के कॉन्फ्रेंस हॉल में कॉमन सर्विस सेंटर द्वारा एक दिवसीय महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सह-समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य रूप से श्रम विभाग के आगामी प्रोजेक्ट, श्रमिकों के ई-केवाईसी, डेटा सुधार प्रक्रिया की बारीकियों पर विस्तृत ट्रेनिंग दी गई। इसके साथ ही, जिलेभर से आए ग्रामीण सीएससी संचालकों की कार्यक्षेत्र से जुड़ी समस्यओं का मौके पर ही निराकरण किया गया।

कार्यशाला में श्रम विभाग के आगामी प्रोजेक्ट को लेकर विशेष रणनीति तैयार की गई। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि आने वाले समय में श्रमिकों के डेटा को त्रुटिहीन बनाना और उनका शत-प्रतिशत ई-केवाईसी सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है। इसके लिए वीएलई को ट्रेनिंग दी गई कि कैसे वे पोर्टल पर जाकर श्रमिकों की जानकारी को अपडेट और सुधार सकते हैं ताकि पात्र श्रमिकों को शासन की योजनाओं का सीधा और त्वरित लाभ मिल सके।

ट्रेनिंग के साथ-साथ यह शिविर वीएलई के लिए एक मजबूत मंच साबित हुआ। मैदानी स्तर पर काम करते समय पोर्टल, सर्वर या आईडी मैपिंग से जुड़ी जिन दिक्कतों का सामना सीएससी वीएलई संचालकों को करना पड़ता हैं, उन सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। अधिकारियों ने कई तकनीकी समस्याओं का तत्काल समाधान किया और शेष समस्याओं का त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया गया। कार्यशाला में श्रम पदाधिकारी सूरज कुमार, ट्रेनर असिस्टेंट मैनेजर सुरूचि शेष, श्रम कल्याण अधिकारी सत्यनारायण अंनत, श्रम उप निरीक्षक अभय दूबे, कोमल सिंह मरावी एवं जिले के वीएलई संचालक उपस्थित थे।

